प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना पर चर्चा

अजमेर। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की बैठक मंगलवार को ब्यावर रोड स्थित किसान भवन में आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड की टीम द्वारा कृषक उत्पादक संगठनों, प्रगतिशील किसानों व्यापारियों व उद्यमियों को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उपनिदेशक बालकिशन शर्मा ने बताया कि बैठक में योजना की क्रियान्विति पर भी मंथन किया गया। बैठक में विभिन्न लघु उद्योगों को विकसित करने संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में उद्यमियों द्वारा सवाल किया गया कि उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के विक्रय का उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होने के कारण काफी नुकसान होता है। जयपुर से आई टीम में उक्त विषय को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। बैठक में केकड़ी, बिजयनगर, किशनगढ़ मंडियों के सचिव भी मौजूद थे। अजमेर फल व सब्जी मंडी सचिव मदनलाल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बैठक में चर्चा करते कृषि विपणन बोर्ड की टीम। -श्रीकांत जांगिड़

सूचना